## खबर संक्षेप

### कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

**सतना।** खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी,खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन,डेयरी विकास,मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### विन्ध्य लोक रंग महोत्सव आज

**मैहर।** उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मध्य प्रदेश के तत्वावधान में विन्ध्य लोग रंग महोत्सव का आयोजन मंगलवार 14 मई को होटल मैहर इन रीवा रोड में शाम 7 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय सहित नरेन्द्र बहादुर सिंह लोक गायक, बाल कलाकार प्रत्यूष द्विवेदी भजन गायक,कपिल तिवारी लोक गायक,शुभी सिंह,श्रुती इक्षसह लोग गायिका के द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### मैहर रेलवे स्टेशन में नो पार्किंग में खड़े वाहनों का काटा गया चालान

**मैहर।** मैहर रेलवे स्टेशन आरपीएफ के टीआई आदित्य निगम एवं स्टाफ के द्वारा स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया पर नो पार्किंग में खड़ें वाहनों पर कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि मैहर रेलवे स्टेशन में आने जाने वाले लोगों के द्वारा जहां जगह मिलती है वहीं पर अपना वाहन खड़ा कर चल देते हैं,इसी तरह ऑटों वाले भी मनमानी कर वाहनों को इधर उधर खड़ी कर चल देते हैं जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है साथ ही आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई बार लोगों को हिदायतें भी दी गईं मगर कोई मानता नहीं जिसके चलते आज यह कार्यवाही की गई। मैहर रेलवे स्टेशन में आज सुबह आरपीएफ स्टाफ के द्वारा अनाधिकृत व्यक्तियों एवं सर्कुलेटिंग एरिया के नो पार्किंग पर खड़ी 9ऑटों जप्त कर कार्यवाही की गई।बताया गया है कि इस तरह लगातार रेलवे स्टेशन एवं सर्कुलेंटिग एरिया में अनाधिकृत प्रवेश करने वाले वाहन एवं नो पार्किंग जोन में खड़े हुए ऑटो एवं टू व्हीलरो पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी और समय समय पर समझाइश भी दी जा रही है।

**पिछले महीने की 10 तारीख से लापता है व्यापारी, मोटरसाइकिल भी नहीं मिली**

# एक माह से लापता व्यापारी के नहीं मिलने पर विन्ध्य चेम्बर ने निकाला मौन जुलूस

**सतना।** एक माह से लापता रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी प्रकाश लालवानी को आज तक पुलिस नही खोज पाई है। जिसके कारण व्यापारियों का आक्रोश अब आन्दोलन की राह पकड़ चुका है। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि प्रकाश लालवानी का कोई भी सुराग न मिलने से विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा तय किये गए क्रमबद्ध आन्दोलन के तहत सोमवार 13 मई को विशाल मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस पन्नीलाल चौक से प्रारम्भ होकर चौक बाजार,बिहारी चौक,जयस्तम्भ चौक होते हुए श्री अग्रसेन चौक में समाप्त हुआ। मौन जुलूस में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ-साथ विन्ध्य चेम्बर के पदाधिकारी,सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मौन जुलूस के बाद भी अगर प्रशासन अतिशीघ्र व्यवसायी प्रकाश लालवानी को नही खोजा गया तो चेम्बर का यह आन्दोलन जारी रहेगा। मौन जुलूस के समापन पर सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर अर्जी लगाई। इस मौन जुलूस में चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल,महामंत्री संदीप कुमार जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल, राजलदास आडवाणी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी,द्वारिका गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, संजय शाह,मनोज शर्मा, चंद्रकांत वाधवानी, दिलीप जैन,उ मेश दुबे,पुष्पेन्द्र द्विवेदी, मोहनलाल भावनानी, कन्हैयालाल पोहानी, मनीष टेकवानी,लखन पटेल,राजेश लालचंदानी, प्रहलाज राय भावनानी, सुशील आहूजा,अशोक




वाधवानी, केशव माखीजा,संजय गाजरानी,पृथ्वी आयरानी, नवीन गुप्ता, विनोद चंदानी,पंकज शाह, अरविन्द जैन, तरूण ठक्कर, मनोज वलेजा, धनश्यामदास अच्छड़ा, धर्मेन्द्र गोयल, बब्बल आवतवानी,र ा मावतार चमड़यिा,यशपाल जैन, हार्दिक जैन,सम्कित जैन,कमल जानवानी, किशोर सेवानी, पंकज जैन, वैभव जैन,धनश्यामदास सोनी, सागर गुप्ता,र वि बंसताणी,राजीव गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता,राजेश गाजरानी, अशोक पिंजाणी, नानकराम मोरबानी, अजय मोरबानी, संजय अग्रवाल, हिमांशु सिंह अरोरा, मनीष अग्रवाल,चंदभान दासानी,रोहित अग्रवाल,क शिोर सेवानी,चंदलाल गजनानी, अशोक खनेचा, माधव आसरानी,अशोक खनेचा,के.के. चैरसिया, जेठानन्द वाधवानी, आशीष मोंगिया, प्रवीण मित्तल,सुरेश वाषाणी, अनिल मोटवानी,विनोद गेलानी,उमेश दासानी, अजय जैन, राजेन्द्र मनवानी, नवीन गुप्ता, आशीष मधान, संजय गाजरानी, संजय अग्रवाल, अविनाश चंदानी,अजय तेजनानी,राजेश लाल चंदानी, चितेश भाई ठक्कर,आशीष चैरसिया, विपुल हाण्डा, आशीष कुमार गुप्ता,रामचंद्र गाजरानी, इंद्रकुमार ठारवानी, विकास टंडन,गौरव मोटवानी, लक्ष्मीचंद कापड़ी,नरेन्द्र वादलानी,सन्नी बरयानी, संदीप चमड़यिा,मनोहर भोजवानी, योगेन्द्र अग्रवाल, घनश्याम मंगनानी,रामचंद्र गुप्ता,किशोर कोटवानी, विनोद गर्ग,बलराम शुक्ला,नरेश कारा, हरीश वाधवानी, अशोक ताम्रकार,शुभम नागवानी, संदीप चेतवानी, अमर लालवानी,अनिल धनवानी, राकेश चड्ढा,सुमित सेवानी,यशपाल अग्रवाल,गोपी चंदायलानी, रामप्रताप कुशवाहा, दयाल कापडी, अमर कापडी, राहुल पारवानी,गोविन्द छावड़यिा, कालू सिन्धी,गणेश वाधवानी,रमेश वाषाणी,गिरजा प्रसाद अग्रवाल, प्रकाश आसलानी,अभिषेक खण्डेलवाल, विक्रम सुखेजा,भरत कुमार कामदार, कुंदन कापड़ी,मनीष मिरानी, दिनेश



परवानी, संजय बंका, दीपक बुधौलिया, नितिन अग्रवाल,अमन शर्मा, सुनील गुप्ता, विक्रम चौधरी,राज कुमार बजाज, देवेन्द्र सत्यवानी, महेन्द्र सिंह,अरूण जिज्ञासी, प्रकाश नागवानी,हरू वाधवानी,सुनील गुप्ता, विनोद पंजवानी, विमल मुरारका,श्रीकांत गांधी,राम अग्रवाल, खेमचंद,रवि मीरानी,अभिषेक जैन, मनविंदर ओबेराय, विकास सुखेजा,विजय कलवानी, अशोक पिंजाणी,सुनील गुप्ता,संतोष द्विवेदी, होलाराम, कन्हैया कामदार,रूपेश वलेजा, डूला भागदेव,राखी होतचन्दानी,मनीषा सोई, मोनिका कतयाल, पूजा गुप्ता,लीना आहूजा, काजल जसवानी, मंजुसा शाह,महक लालवानी, श्रीमती भावना आसनानी,जयश्री सेवानी,मानू सेवानी, मीना परवानी, रेखा परवानी, प्रकाश लालवानी की मां कृष्णा देवी,पत्नी जिया लालवानी,भाई टीनू लालवानी सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

### क्या है पूरा घटनाक्रम

व्यापारी प्रकाश लालवानी पिछले महीने की 10 तारीख से लापता हैं। उनकी मोटरसाइकिल भी नहीं मिली है। परिवार वालों ने तमाम जगहों पर उनकी तलाश की लेकिन कोई सूचना नहीं मिली। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लापता होने के बाद प्रकाश की अंतिम लोकेशन बगहा के आसपास बताई गई थी। परिजन जैतवारा रेलवे स्टेशन भी पता करने गए थे। इस मामले में जिस पर शक संदेह था उसकी जानकारी देने पर पुलिस ने एक युवक को बीना से हिरासत में लिया था और उससे पूछताछ की गई थी। बताते हैं कि वह पुलिस विभाग में काम करता है। प्रकाश की उसकी लंबे समय से जान पहचान बताई गई है। लेकिन पूछताछ के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। प्रकाश के परिजन इस बात को लेकर परेशान है कि अभी तक ना तो प्रकाश और ना ही उसकी गाड़ी की कोई लोकेशन मिल पाई है।

# मुख्तियार गंज रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बने 20 अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे की मोहलत







**सतना।** लंबे समय बाद मुख्तियार गंज रेलवे फाटक पर बनाए जा रहे ओवर ब्रिज में अतिक्रमणकारी बाधक बन रहे हैं। जिसकी वजह से कार्य में तेजी नहीं आ पा रही है। ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस भी दी गई लेकिन उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा है। सोमवार को नगर निगम ने ऐलान कर दिया है कि जिन 20 अतिक्रमणकारियों को सरकारी जमीन में कब्जा करने को लेकर नोटिस दी गई थी उनके द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है लिहाजा उन्हें 24 घंटे की मोहलत दी जाती है। मौके पर पहुंचे नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के प्रभारी आरपी सिंह परमल ने ऐलान किया है कि अगर अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और इस कार्य में जितना भी व्यय होगा उसकी वसूली अतिक्रमणकारियों से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्तियार गंज रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण लंबे समय से विचाराधीन था क्योंकि यहां पर ट्रेनों के संचालन के कारण अधिकांश समय तक रेलवे फाटक बंद रहता है नतीजतन लोगों को आवागवन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**नहीं तो नगर निगम हटाएगा अतिक्रमण और अतिक्रमणकारियों से वसूलेगा व्यय खर्च**

# पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को हवा, पानी और शौचालय की नहीं मिलती है सुविधाएं

**लाइसेंस देते समय शर्त रहती है जनसुविधिाएं देने की परन्तु लगा रहता है ताला**

**मैहर।** इन दिनों नगर में संचालित पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा शासन के नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। कारण यह है कि पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को हवा,पानी एवं शौचालय दिए जाने की शर्त पर लाइसेंस जारी किया जाता है लेकिन मनमानी तरीके से उक्त सुविधाएं देना तो दूर कभी हवा की सुविधा ही खराब है तो कभी वाटर कूलर गड़बड़ रहता है वहीं शौचालय में ताला ही लटकता रहता है। इस संबंध में यदि उपभोक्ता के द्वारा पेट्रोल पंप के मैनेजर या उनके पंप चालक से कहा जाता है तो वह कोई सकारात्मक जवाब नहीं देते हैं। इतना ही नहीं संबंधित विभाग के अधिकारी भी कई बार औचक निरीक्षण करने के बाद महज औपचारिक तौर पर रस्मअदायगी कर कोरम पूरा करते है और पंप मालिकानों से मोटी रकम लेकर सभी सुविधाओं का प्रमाणीकरण कर चले जाते है। जनचर्चा के मुताबिक कई उपभोक्ताओं ने तो यहां तक बताया कि यदि सुविधाओं की बात कही जाती है तो पंप में कार्यरत कर्मचारी विवाद करने की स्थिति में उतर आते है।कारण यह है कि हवा के लिए बनाया गए शेड पर यदि दोपहिया वाहन या चार पहिया वाहन खड़ा किया जाए तो बिना कारण के ही खराब होने का नाटक बता दिया जाता है। उसी तरह लगा वाटर कूलर भी गर्मी के इस मौसम में जहां त्राहि त्राहि मची है वहां पर पेयजल की सुविधा न मिलना समझ से परे है। कई बार उपभोक्ताओं ने शौचालय एवं बाथरूम के संबंध में बातचीत की तो यह कहा गया कि गंदा हो जाता है इस कारण ताला लगा कर रखा गया है। पंप चालकों के द्वारा आम उपभोक्ता को जिन सुविधाओं का लाभ दिया जाना चाहिए वह क्यों नही दिया जा रहा है।आखिरकार ऐसा क्यों किया जा रहा है यह शोचनीय विषय है। संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी इस ओर ध्यान देकर उपभोक्ताओं को सुवधिा का लाभ क्या दिला पाएंगे।

# सीबीएसई दसवीं 2024 परीक्षा परिणाम में भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल सर्वोत्तम







**सतना।** सी.बी.एस.ई. द्वारा 13 मई 2024 को घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल सतना का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। प्रगति तिवारी 89.4 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम,वंदना मिश्रा 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा प्रभाष सिंह 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एंवं जन संपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि विद्यालय के 92.9 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिनमें 64.3 प्रतिशत विद्यार्थियों को विशेष योग्यता प्राप्त हुई। औसत परीक्षा प्राप्तांक 76.28 प्रतिशत रहा। छात्रों की इस उपलब्धि एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ.रामानंद गोस्वामी ने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की सहज सरल कोमल कर्तव्यनिष्ठ शैली की प्रशंसा की। बच्चों से आशान्वित हैं कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है वे अपनी इस आदत को आगे भी बनाए रखेगें। इस बेहतर उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेट एच.आर.एम.,एवं कारपोरेट अफेयर्स, मनीष कुमार सिन्हा तथा प्रेसीडेन्ट एवं हेड प्लांट मनीष कुमार सिंह,प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों,व प्राचार्य को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए हार्दिक बधाइयाँ दी।

# प्रदेश के प्रत्येक जिले में लगेंगे पुस्तक मेले

**सतना।** निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ से अभिभावकों को राहत दिलाने राज्य शासन ने प्रदेश भर में इनका आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र भेजकर नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, यूनिफार्म, कापियां एवं स्टेशनरी आदि सुलभ कराने पुस्तक मेले का आयोजन करने कहा है। पुस्तक मेला के आयोजन के बारे में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि यदि उनके जिले में निजी स्कूलों,प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी हो रही है तो स्थानीय परिस्थितियों का आंकलन कर प्रत्येक जिले में उपयुक्त स्थान का चयन कर यथाशीघ्र इसका आयोजन किया जाये। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि पुस्तक मेला में कॉपी-किताबों के साथ-साथ यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल भी प्रकाशकों एवं विक्रेताओं से लगवायें जायें,ताकि एक ही स्थान पर सभी सामग्री उचित और न्यूनतम दर पर उपलब्ध हो सके। कलेक्टरों को पुस्तक मेले के आयोजन में चुनावी आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखने कहा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पत्र में बताया गया है कि पुस्तक मेले के आयोजन कि अनुमति भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कर ली गई है।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश**

# मैहर में ओवर ब्रिज पर दो मोटरसाइकिलों में टक्कर, चार लोग घायल





**मैहर।** यहां पर ओवर ब्रिज पर देर शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई इस घटना में चार लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने नागरिकों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि यह घटना एक मोटरसाइकिल चालक के द्वारा ओवर टेक करने के कारण हुई। बताया जाता है चारों लोगों को अधिक चोटे आई हैं। इस घटना में दोनों मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस दोनों वाहनों को अपने साथ ले गई है और घटना की जांच की जा रही है। मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 जेडई 8158 और दूसरी मोटरसाइकिल का नंबर एमपी 19एन एफ 2314 है। इसी प्रकार सतना में धवारी मोड़ के पास कलेक्ट्रेट गेट के सामने कार चालक ने एक बाइक चालक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार भवानी निवासी अंकुश सिंह को चोटे आई हैं जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए संचालित होम स्टे, रिसोर्ट एवं होटल को ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में रमाबाई होम स्टे, केन रिवर लॉज, कर्णावती रिट्रीट होम स्टे, केन रिसोर्ट को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में आयोजित होगा सुंदरकांड एवं भंडारा



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर से 10 किलोमीटर दूर पन्ना रोड स्थित लोगों के आस्था केंद्र राजा दहार हनुमान मंदिर में देवेंद्र नगर के स्थानीय पत्रकारों की टीम द्वारा धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 मई को दोपहर 12 बजे से संगीतमय सुंदर काण्ड और विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमे जिले भर के पत्रकार प्रशासनिक और राजनैतिक व्यक्तियों के साथ जिले भर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। आयोजक पत्रकार समिति देवेंद्र नगर ने बताया की आयोजन को भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**पन्ना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर 96.6: अंक प्राप्त करके मान्या दुबे , द्वितीय स्थान पर 96.2: अंकों साथ रिद्धिमा साहू, तथा कृतिका पटेल 96: प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में तुषारिका जगवानी 95.8: प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया,द्वितीय स्थान पर अमृत शर्मा 90.4: प्राप्त किया तथा कृष्ण कुमार लखेरा ने 87.2: अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में रितिका जैन 92: प्राप्त करके प्रथम स्थान पर, आदि जैन 90: प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर तथा पलक जगवानी 89.4: के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्राचार्य अमित दहिया ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अपने शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण 100: परीक्षा परिणाम लाने पर उनकी मेहनत एवं लगन के लिए बधाई दी।

### परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**बरही।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बरही नगर में भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जयंती समारोह सेवा समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही साथ नगर के रामलला मन्दिर से बैंड बाजे के साथ रथ में भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जय जय परशुराम उदघोष के साथ महिला मंडल युवा मंडल बुजुर्गों के बच्चों के साथ नगर भ्रमण किया। सर्वप्रथम समिति के पदाधिकारियो समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे बिप्र जनो द्वारा भगवान परसुराम कि पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया है।

---

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

# प्राथमिकता के साथ समयावधि में करें लंबित प्रकरणों का निराकरण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई टीएल बैठक में अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ टीएल एवं जनसुनवाई सहित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का प्रति सप्ताह निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत नियमित रूप से एल-1 स्तर पर लंबित शिकायतें अटेंड कर गुणवत्ता एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से बंद कराने के निर्देश भी दिए। अधिक संख्या में लंबित शिकायतों वाले विभागीय अधिकारियों को अभियान चलाकर 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों सहित समस्त लंबित प्रकरणों को इस सप्ताह प्रभावी रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी। कलेक्टर श्री कुमार ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मानदेय वितरण व अन्य व्यय संबंधी भुगतान की जानकारी भी ली। निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों के लॉगबुक के आधार पर पीओएल के भुगतान के निर्देश दिए। इस संबंध में सभी एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अनुविभाग एवं तहसीलदार स्तर पर वाहनों के डीजल भुगतान संबंधी कोई पेंडेंसी न रहे। इसके अलावा गत विधानसभा निर्वाचन के विभिन्न लंबित भुगतान भी अविलंब कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन से संपर्क करें और समय पर शिकायतों व समस्याओं का निराकरण कराएं। प्रत्येक माह की 05 तारीख तक भ्रमण गतिविधि की जानकारी भी प्रस्तुत करें। अधिकारियों को विभागीय सस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण के लिए भी ताकीद किया। सभी लोक सेवा केन्द्रों पर गरीब, अशिक्षित, दिव्यांग व बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर सक्रिय करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की अनिवार्य रूप से मुख्यालय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए कहा। उन्होंने इस वर्ष जनवरी माह से अब तक पूर्ण निर्माण कार्यों तथा आगामी जून माह तक पूर्ण होने वाले कार्यों की सूची तैयार कर अवगत कराने की बात कही। उन्होंने बुन्देलखंड विशेष पैकेज अंतर्गत निर्मित तालाबों और अन्य संरचनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने तथा आम जनता से विनम्रतापूर्वक व्यवहार कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले की समग्र विकास योजना तैयार करने के संबंध में तथा विभाग स्तर पर भविष्य में निर्धारित कार्ययोजना अनुसार जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। अवमानना याचिकाओं की समीक्षा के दौरान निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से वांछित जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।




## आम जनता से विनम्रता पूर्वक व्यवहार कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये

### सिमरिया एवं ककरहटी उपार्जन केन्द्रों पर दें विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में गेहूं एवं सरसों व मसूर के समर्थन मूल्य पर उपार्जन संबंधी जानकारी लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सिमरिया एवं ककरहटी उपार्जन केन्द्रों पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में निरंतर मॉनीटरिंग कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने व लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। उपार्जित स्कंध के तत्काल परिवहन व भण्डारण के निर्देश दिए। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन रूट चार्ट अनुसार परिवहन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलेक्टर द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की समीक्षा भी की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर परिवहन के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के अवरूद्ध कार्यों की जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जिले से संबंधित शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। बताया गया कि गत दिवस अजयगढ़ में दो दिवसीय आधार शिविर आयोजित कर नवीन आधार बनाने एवं अपडेशन की कार्यवाही की गई है।

### केन-बेतवा परियोजना में मुआवजा राशि का करें वितरण

कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत जिले के 8 ग्रामों में कुछ हितग्राहियों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही पूर्ण न होने के संबंध में जानकारी लेकर एसडीएम एवं राजस्व अमले को समस्या का निराकरण कराने तथा जमीन एवं नामांतरण विवाद व बैंक खाता अपडेशन की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी तरह रेल परियोजना अंतर्गत पन्ना-सतना रेलखण्ड के भू-अर्जन प्रकरण व राशि अवार्ड एवं अन्य विवरण की जानकारी लेकर रेलवे स्टेशन भवन निर्माण में किसी भी समस्या पर तत्काल अवगत कराने के लिए कहा। जिला शिक्षा अधिकारी को शिविर के जरिए छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान करने के लिए भी कहा। साथ ही द्वितीय चरण में स्वीकृत चार सीएम राइज स्कूल के जमीन आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह कृषि महाविद्यालय के अस्थाई छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम को पुराना कलेक्ट्रेट महेन्द्र भवन परिसर पूर्णरूपेण रिक्त कर सौंपा जाना है। इसके लिए पूर्व में संचालित शासकीय कार्यालयों के अधिकारी तत्काल पुराना दफ्तर रिक्त कराने की कार्यवाही कर अवगत कराएं। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधि से महेन्द्र भवन परिसर में वकीलों की बैठक व्यवस्था के संबंध में पूर्व में की गई आवश्यक कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण से सभी नगरीय निकायों में कचरा प्रसंस्करण इकाई एवं कचरा वाहन की उपलब्धता संबंधी जानकारी लेकर एसडीएम एवं तहसीलदार को सीएमओ के साथ निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की ली जानकारी

कलेक्टर ने जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना सहित अन्य निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के अधिकारी द्वारा मझगायं बांध में वन विभाग के अवरोध संबंधी समस्या का निराकरण होने के बारे में अवगत कराया गया। इसी तरह डायमण्ड पार्क के भूमि समतलीकरण कार्य में वन विभाग से संबंधित मुद्दों की जानकारी ली। उन्होंने श्री जुगल किशोर इंडोर स्टेडियम के निर्माणाधीन कार्य, मंदिर परिसर में सामुदायिक व जनसुविधा के विकास कार्य, जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में वन विभाग की अनुमतियां, यादवेन्द्र क्लब में डायमंड म्यूजियम की डीपीआर, निर्माणाधीन सकरिया हवाई पट्टी, किलकिला रिवर फ्रण्ट इत्यादि के बारे में जानकारी ली। सीएमओ ने श्री जुगल किशोर लोक निर्माण के संबंध में तैयार की गई डीपीआर के बारे में अवगत कराया। बैठक में बंगाली समाज के विस्थापित लोगों को पट्टों का वितरण कार्य सहित धरमसागर तालाब में महाराजा छत्रसाल की मूर्ति स्थापना के वर्क ऑर्डर, नगर पालिका परिषद पन्ना के नवीन भवन के लिए बायपास डाकघर के निकट जमीन आवंटन, आयुष अस्पताल इत्यादि के बारे में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक जिला-एक उत्पाद के तहत ऑवला के जीआई टैग की कार्यवाही के बारे में पूछा। अधीक्षक भू अभिलेख को वन से राजस्व ग्राम बनाए गए पुखरा एवं न्यू झालर ग्राम के निवासियों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### थोक सब्जी मण्डी के लिए करें स्थल का चयन

कलेक्टर ने कहा कि शहर के बीचों बीच स्थापित थोक सब्जी मण्डी परिसर के स्थान पर शहर के बाहर अन्य स्थल पर थोक सब्जी मण्डी के लिए स्थल का चयन करने की कार्यवाही की जाए। इससे शहर में यातायात सुगम बन सकेगा। अटल पार्क में जन सुविधा के विकास, हाउसिंग बोर्ड के पुनर्घनत्वीकरण, नवीन दशहरा मैदान के स्थान चिन्हांकन एवं विकास, नवीन बस स्टैण्ड, पहाड़ीखेरा के निकट बनने वाले हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट, गुनौर एवं पवई क्षेत्र में स्थापित होने वाले दो नवीन सीमेंट प्लांट, सभी नगरीय निकायों में विधिवत तरीके से साइनेज बोर्ड लगाने, जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन के संचालन के लिए टेक्नीशियन की पदस्थापना, छत्रसाल स्टेडियम के निर्माण कार्य इत्यादि के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। प्राणनाथ मंदिर परिसर में संचालित आयुष औषधालय को पुराने तहसील परिसर में स्थानांतरित करने के संबंध में जिला आयुष अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के प्रकरणों का अविलंब निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

## शासकीय आरपी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैम्प का हुआ शुभारंभ

**पन्ना।** शासकीय आरपी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में 13 मई 2024 से समर कैंप का शुभ आरंभ हो गया है जिसमें खेल शिक्षक के तौर पर उत्कृष्ट विद्यालय खेल शिक्षक नेशनल प्लेयर निखिल सोनी और संगीत शिक्षक के तौर पर उत्कृष्ट विद्यालय संगीत शिक्षक कुमारी वैशाली खरे आज 13 तारीख से सभी बच्चों को खेलकूद और गीत संगीत का अभ्यास करआएंगे जिसमें आसपास के क्षेत्र के सभी बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है भाग ले सकते हैं और अपनी प्रतिभा कौशल को निखार सकते हैं तथा अपने समय का उचित उपयोग कर सकते हैं जहां प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा उनके मार्गदर्शन में बच्चों को उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ऐसा उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्रीमती रंजना खरे का कहना है इन्होंने शाला परिसर में बच्चों के खेलकूद और गीत संगीत के लिए उपयुक्त सुविधा उपलब्ध कराई हैं।



## जिला औषधि विक्रेता संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

### पवन पाठक बने जिला संगठन सचिव

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय स्थित में मेस्कॉर्ट अस्पताल में जिला औषधि विक्रेता संघ की बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें तीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सुल्लेरे अजयगढ़, सतीश पाठक, संजीत जैन को बनाया गया वहीं अनुराग मिश्रा पवई, संजय जयसवाल, संदीप विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला सचिव राजीव सक्सेना, अमृतधर सिंह राजपूत, डॉक्टर श्यामलाल पांडे को एवं जिला संगठन सचिव की जिम्मेदारी पवन पाठक शहर व आलोक जैन को ग्रामीण की सौपी गई। कोषाध्यक्ष श्याम नारायण तिवारी व पीआरओ पद पर अभिषेक चौरसिया को नियुक्त किया गया। बैठक में जिन प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया उनमें ओवर द काउंटर ओटीसी प्रोडक्ट की किराना व जनरल स्टोर के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौपना, नवागत डीआई से प्राप्त निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई व उनके निर्देश पर आगामी बैठक डीआई के साथ सूचना प्राप्त होने पर संगठन सचिवों के माध्यम से सदस्यों को प्रदान करना शामिल है बैठक के अंत में अस्पताल संचालक डॉक्टर राजपूत का आभार व्यक्त किया गया।



## अजयगढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में दिव्यांग शिविर हुआ आयोजित



### 115 दिव्यांगों का मेडिकल टीम द्वारा किया गया परीक्षण 74 पात्र

**अजयगढ।** अजयगढ जनपद पंचायत प्रांगण में दिनांक 13 मई को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत इंस्पेक्टर एसएन गर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर कलेक्टर पन्ना के निर्देश पर आयोजित किया गया जिसने मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांगों का परीक्षण किया गया। मेडिकल टीम में डॉक्टर एस के त्रिपाठी डॉक्टर ओपी मौर्य डॉक्टर डीपी प्रजापति,डॉक्टर सेकी अग्रवाल डॉक्टर आर के ठाकुर उपस्थित रहे। आगे जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में कुल 115 दिव्यांगों का परीक्षण किया गया जिसमें 40: से अधिक 74 दिव्यांग पात्र मिले जिनको प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा वही 25 दिव्यांग 40: से कम मिले इसके साथ ही 16 मानसिक रोग से पीड़ति लोग भी पहुंचे जिन्हें मेडिकल टीम के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिला अस्पताल में लगने बाले शिविर में बुलाया गया है। उक्त शिविर में जनपद सीईओ सतीश सिंह नागवंसी,पंचायत इंस्पेक्टर एसएन गर्ग,कव प्रशांत नायक,एपीओ अमित यादव सहित पीसीओ सचिव सहायक सचिव व नगर परिषद व जनपद पंचायत का अमला उपस्थित रहा।



## खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार - ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी

### नारी केवल मानव की ही नहीं, मानवता की भी जननी है कृ बहन जी

**पन्ना।** मातृ दिवस के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में ष्स्वास्थ्य एवं सुखी परिवार में महिलाओं की भूमिकाष विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बहन जी ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन अपने आप में विशेष दिन है। नारी ईश्वर की अद्वितीय रचना है। जैसे मूर्ति मंदिर की शोभा है ठीक उसी प्रकार घर व सृष्टि की शोभा नारी है। व्यक्ति निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं का महत्व और भूमिका हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं। परिवार जो कि समाज की सबसे बड़ी इकाई है उसकी जीवन पद्धति और व्यवहार उस परिवार की प्रमुख महिला के संस्कारों से प्रतिबिंम्बित होते हैं। परिवार के सभी सदस्यों के संस्कारों को तराशने की जिम्मेदारी उसी पर होती है। महिला ममता, त्याग, कल्याण, सेवा और उच्च मूल्यों की सजीव प्रतिमा है। आगे आपने कहा कि आदिकाल में जब महिला आध्यात्मिक शक्ति से संपन्न थी तब उसकी पूजा होती थी। नारी की दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती आदि अनेक रूपों में पूजा आराधना करते हैं किंतु आज की नारी आध्यात्मिकता से दूर होने के फलस्वरुप पूजनीय नहीं रही। आज कहने को हमारा देश काफी विकसित हो गया है पर आज भी कई महिलाओं को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। भौतिक दृष्टि से नारी ने बहुत तरक्की की है किंतु आध्यात्मिकता से वह दूर हो गई है। नारी और संस्कृति एक दूसरे के पूरक है परंतु अध्यात्म से दूर जाने के कारण महिलाएं अपनी संस्कृति से भी दूर होती जा रही हैं। वर्तमान समय महिलाओं में आध्यात्मिक जागृति की बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती निशा जैन, पूर्व प्राचार्य ने कहा कि बच्चों में संस्कारों को संचित करने की जिम्मेदारी नारी की है। श्रीमती मीना पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मुझे यहां आकर असीम शांति का अनुभव होता है, हम सभी को यहां की शिक्षाओं का अनुकरण करना चाहिये। कार्यक्रम में श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी, श्रीमती शकुंतला बहन, श्रीमती प्रभा पटेरिया, श्रीमती कविता बहन (निरंकारी मिशन), डॉ किरन सिंह आदि गणमान्य महिला उपस्थित रहीं। अंत में सभी को ईश्वरीय साहित्य एवं उपहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।




## मारपीट के आरोपी को 6-6 माह का कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि क दिनांक 11.12.2019 को सी.एच.सी. पवई से पीड़ति सिपाहीलाल चौधरी के घायल अवस्था में भर्ती होने एवं इलाजरत होने के संबंध में तहरीर प्राप्त होने पर पुलिस पवई द्वारा सी.एच.सी. पवई पहुंचने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि घायल को पन्ना रेफर कर दिया गया है। इसके पश्चात दिनांक 24.12.2019 को पीड़ति सिपाहीलाल चौधरी ने थाना पवई उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 12.12.2019 को चांदी माता मंदिर में मेला लगना था, दिनांक 11.12.2019 को सायं लगभग 05:00 बजे फरियादी कढोरी आदिवासी के यहा भगतन का बुलउआ देने जा रहा था। जैसे ही कढोरी आदिवासी के रमना हार स्थित अरहर के खेत में पहुंचा तथा कढोरी से बात करने लगा और उसे भगतन में आने का कहने लगा, तभी नयागांव तरफ से अरविंद सिंह पुत्र मर्दन सिंह ठाकुर हाथ में डण्डा लिए आया और मां-बहन की बुरी बुरी गालियां देकर बोला तेरे बहुत भाव बढ़ गए हैं। तब पीड़ति ने कहा कि राजा गाली क्यों दे रहे हो, तब अरविंद ने 08-10 लाठीं फरियादी के दोनों पैरों, पीठ, बाएं हाथ तथा मुंह में मारीं, जिससे पीड़ति जमीन में गिर गया। पीड़ति के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी सुनीता तथा लड़की लक्ष्मी एवं मौके पर उपस्थित कढोरी आदिवासी ने बीच-बचाव किया, तब आरोपी अरविंद अपने घर तरफ चला गया और जाते समय कह रहा था कि मादरचोद चमरा आज तो बच गया, दोबारा मिलेगा तो जान से खत्म कर देगा। फिर 108 नंबर पर फोन लगाया तथा 108 वाहन से आहत को पवई अस्पताल लाया गया, जहां से आहत को पन्ना अस्पताल रेफर कर दिया गया। आहत का तीन दिन तक पन्ना में इलाज चलता रहा, फिर आहत अपने घर आया, किन्तु चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण आहत ने दिनांक 24.12.2019 को थाना पवई पहुंचकर घटना की रिपोर्ट की। जिस पर से आरोपी अरविंद सिंह ठाकुर के विरूद्ध थाना पवई में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।माननीय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट जिला पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए संदीप कुमार पाण्डेय, जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी-अरविन्द सिंह ठाकुर को धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एवं 3(2)(5क) एससी/एसटी एक्ट में 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध सहित दो घायल



**छतरपुर।** बीते रोज सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कर्री में सड़क हादसा हुआ जिसमें बाईक सवार वृद्ध सहित दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल आनंद अहिरवार निवासी ग्राम कदारी ने बताया कि वह किसी काम से अपने दादा के साथ ग्राम नदया गया था। नदया से वापिस घर लौटते वक्त रास्ते में वह एक ई-रिक्शा को ओवरटेक कर रहा था लेकिन ई-रिक्शा चालक ने उसे साईड नहीं दी और आनंद की बाईक सड़क से नीचे उतरकर एक घर में जा घुसी। दुर्घटना में आनंद और उसके दादा दोनों घायल हो गए थे। घटना के बाद दोनों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया।

### जिला अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की कमी से बिगड़ रहे हालात



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में इन दिनों सुरक्षाकर्मियों की कमी के चलते हालत बिगड़ रहे हैं। बताया गया है कि जिला अस्पताल में सनशाइन कंपनी के कुल 14 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जो तीन शिफ्ट में 8-8 घंटे की ड्यूटी करते हैं। ड्यूटी पर मौजूद ज्यादातर सुरक्षाकर्मियों को पार्किंग में खड़े वाहनों की रखवाली के लिए तैनात किया जाता है, जिस कारण से अस्पताल के अंदर मरीजों के परिजन मनमानी करते हैं और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला अस्पताल के सुरक्षाकर्मी कमलेश तिवारी ने बताया कि पूर्व में जिला अस्पताल की पार्किंग का ठेका था जिस कारण से पार्किंग में खड़े वाहनों की जिम्मेदारी ठेकेदार के कर्मचारियों की होती थी और सुरक्षाकर्मी अस्पताल के अंदर की व्यवस्था को दुरुस्त रखते थे लेकिन जब से पार्किंग का ठेका निरस्त हुआ तब से पार्किंग में खड़े वाहनों की रखवाली भी सुरक्षाकर्मियों को करनी पड़ रही है। अस्पताल के भीतर सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति में एक मरीज के साथ कई लोग प्रवेश कर रहे हैं जो अंदर बैठकर अव्यवस्था फैलाते हैं।

### देशी कट्टा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा गुंडे-बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने महोबा रोड पर देशी तमंचा लेकर घूम रहे एक युवक को पकडऩे की कार्रावाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि अमन पुत्र बाबूलाल कुशवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी नई बस्ती छात्रावास के पीछे, वार्ड नंबर 5 छतरपुर को मुखबिर की सूचना पर महोबा रोड की मछली मंडी से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। अमन के पास से पुलिस को 12 बोर का देशी कट्टा मिला, जिसमे एक कारतूस लोड था। आरोपी को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया औरन्यायालय पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

### पिता ने एसपी को आवेदन देकर बेटी की ससुराल वालों पर लगाए आरोप

# दहेज नहीं दिया इसलिए ससुराल वालों ने कर दी बेटी की हत्या

छतरपुर



**सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने आए कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड निवासी लखन प्रजापति ने अपनी बेटी की ससुराल वालों पर आरोप लगाया कि दहेज न देने के कारण ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी है। एसपी को आवेदन देकर लखन ने मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।**

लखन प्रजापति के मुताबिक उसने अपनी पुत्री रूचि का विवाह गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झदवां निवासी जगत पुत्र सुखलाल प्रजापति के साथ वर्ष 2021 में किया था। विवाह में उसने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था परन्तु उसके बाद भी रुची का पति जगत, ससुर सुखलाल, सास पार्वती,नंद प्रीति प्रजापति और देवर रतिराम, रामसेवक आदि लगातार दहेज के रूप में दो लाख रुपए की मांग करते हुए रुची को प्रताड़ित कर रहे थे। लखन के मुताबिक रूचि ने कई बार उसे प्रताडऩा की जानकारी दी थी, जिस पर उसने ससुराल के लोगों को समझाने का प्रयास भी किया था लेकिन वे अपनी हरकतों से बात नहीं आए। लगातार प्रताडऩा से तंग आकर रुची मायके वापिस आ गई थी लेकिन कुछ दिन बाद रिश्तेदारों की पहल पर रुची वापिस अपने ससुरला चली गई। इसके बाद 3 मई 2024 की शाम 7 बजे रुची के चाचा ससुर कूरे प्रजापति ने लखन को फोन लगाकर रुची की तबीयत खराब होने की जानकारी दी और जिला अस्पताल बुलाया। लखन के मुताबिक जब वह जिला अस्पताल पहुंचा तो रुची की मौत हो चुकी थी और ससुराल के लोग उसके शव को छोड़कर घर चले गए थे। लखन का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने के कारण ससुराल के लोगों ने रुची के साथ मारपीट करने के बाद उसकी हत्या की है। लखन ने एसपी से मामले की जांच कराने और कार्यवाही करने की मांग की है।

# नवोदय विद्यालय में 10 वीं में कशिश यादव तो 12वीं में प्रिंस कुमार ने मारी बाजी

**नौगांव।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में नवोदय विधालय में बारहवीं कक्षा में अध्यनरत प्रिंस कुमार ने 92.8 प्रतिशत और दसवीं में कशिश यादव ने 94.83 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान पाया है, सोमवार को घोषित हुए दसवीं और बारहवीं परीक्षा परिणाम में विधालय का रिजल्ट 100 फीसदी सफल रहा।




जवाहर नवोदय विधालय में कक्षा बारहवीं में अध्यनरत प्रिंस कुमार राजपूत ने 92.8 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान, सौम्या लवानिया 92.7 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे एवं आस्था गुप्ता 92.6 प्रतिशत अंक के सात तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह दसवीं में छात्रा कशिश यादव 94.83 प्रतिशत अंक के साथ पहले, पार्थ मिश्रा 94.67 प्रतिशत अंक के दूसरे और संयोगिता गुप्ता 96.67 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। संस्था के प्राचार्य राजेश तिवारी ने बताया कि सोमवार को घोषित हुए दसवीं और बारहवीं के परिणाम में विधालय का परिणाम 100 फीसदी सफल रहा। विधालय में दसवीं में अध्यनरत 81 छात्र छात्राएं और बारहवीं में अध्यनरत 72 छात्र छात्राएं सभी सफल हुए हैं। बारहवीं में 60 से 75 प्रतिशत के बीच 16 विद्यार्थी, 15 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के मध्य 49 और 90 से 95 प्रतिशत के मध्य 07 विद्यार्थी रहे।

# मजदूरी के पैसे मांगने पर की गई मारपीट, एसपी से हुई शिकायत



**छतरपुर।** बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गुलाट निवासी जुग्गल अहिरवार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह पेशे से मजदूर है। पिछले दिनों उसने गांव के अरविंद यादव के यहां मजदूरी की थी। काम के दौरान अरविंद ने उसके साथ गाली-गलौज कर दी। जब जुग्गल ने अरविंद से अपनी मजदूरी के पैसे मांगे तो वह और अधिक नाराज हो गया और लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट कर दी। जुग्गल के मुताबिक उसने बिजावर थाना में घटना की शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। एसपी कार्यालय में आवेदन देकर जुग्गल ने अरविंद पर कार्यवाही करने की मांग रखी

### लग्जरी कार सहित लाखों की संपत्ति हुई जप्त

# आईपीएल में सट्टा लगवा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

छतरपुर

देश में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के क्रिकेट मुकाबलों पर सट्टा लगवाने वालों की कड़ी निगरानी पुलिस विभाग द्वारा एसपी के निर्देशन में की जा रही है। जिले के अलग-अलग हिस्सों में प्रतिदिन सटोरियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात कोतवाली पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसकी लग्जरी कार और लाखों की संपत्ति को जप्त किया है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि रात्रि गस्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के परवारी मोहल्ले में कुछ लोग एक कार में बैठकर सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर बिना नंबर वाली काले रंग की लग्जरी कार में बैठे युवकों को नीचे उतरने के लिए कहा। पुलिस को देखकर एक युवक भाग खड़ा हुआ जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गोलू पुत्र नानु प्रजापति उम्र 19 साल निवासी एमएलबी कॉलेज के पास बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर बताया। जो युवक भाग निकला था उसका नाम सुरेश रैकवार निवासी बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर बताया है, जिसकी तलाश अभी जारी है। पकड़े गए युवक ने ऑनलाइन सट्टा लगाने की बात स्वीकार की। उसके पास मिले मोबाइल से पलिस ने सट्टा आईडी, 22 हजार 300 रुपये नगद, 1 मोबाइल और 16 लाख कीमत की लग्जरी वरना कार जप्त की है।




इसके साथ ही पुलिस को एक रजिस्टर भी मिला है जिसमें 10 लाख 26 हजार 300 रुपए के लेन-देन का हिसाब अंकित है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रावाई की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक दारा सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश पाठक, राजेश अहिरवार, अवधेश चतुर्वेदी एवं आरक्षक उमेश, सौरभ एवं भूपेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महिला के ऊपर दर्ज हैं अनैतिक देह व्यापार के आधा दर्जन से अधिक मामले

# नाबालिग को बंधक बनाकर गलत काम करने के लिए विवश करने वाली महिला गिरफ्तार

छतरपुर

शहर में देह व्यापार संचालित करने वाली एक महिला ने नाबालिग लड़की को स्कूटी दिलाने का प्रलोभन दिलाकर अपने पास बुलाया और इसके बाद बंधक बनाकर उसे गलत काम करने के लिए विवश किया। यह मामला उस वक्त सामने आया जब पीड़ित लड़की के पैर में गोली लगने के कारण उसे जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने जब लड़की से पूछताछ की तो उसने पूरी आपबीती पुलिस को बताई, जिसके बाद महिला सहित उसके तीन अन्य पुरुष साथियों के ऊपर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुरुष अपराधियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन मुख्य आरोपी महिला फरार चल रही थी। बीते रोज महिला थाना पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के ऊपर अनैतिक देह व्यापार के आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूप में मामले का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि 18 मार्च 2024 की रात को कोतवाली थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के पैर में गोली लगने की घटना सामने आई थी। जिला अस्पताल में जब पुलिस ने बालिका से पूछताछ की तो उसने बताया कि बड़ामलहरा क्षेत्र के शातिर अपराधी मंजू पटैरिया द्वारा उसे गोली मारी गई है। नाबालिग बालिका को उपचार के बाद विधिवत वन स्टाप सेंटर छतरपुर ले जाया गया, जहां काउंसलिंग के दौरान नाबालिग बालिका ने बताया कि वह





मूलतः उत्तरप्रदेश के एक शहर की रहने वाली है। छतरपुर निवासी संतोषी तिवारी नामक महिला से उसका परिचय था, जिसने उसे स्कूटी दिलाने का प्रलोभन देकर छतरपुर बुलाया था। छतरपुर आने के बाद संतोषी तिवारी ने अपने साथी हरि सिंह, रक्कू उर्फ राकेश गोस्वामी और मंजू पटैरिया की मदद से उसे बंधक बना लिया और गलत काम करने के लिए विवश किया गया। 18 मार्च को किसी बात को लेकर मंजू पटैरिया ने उसके ऊपर गोली चला दी थी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया था। लड़की के कथन लेने के बाद महिला थाना में सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया, साथ ही आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। एसपी श्री जैन ने बताया कि मामले की मुख्य आरोपी संतोषी तिवारी पर थाना कोतवाली में 7 अपराध सहित उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अनैतिक देह व्यापार सहित अन्य अपराधों के मामले पंजीबद्ध हैं। जबकि जिले के अलग-अलग थानों में उसके साथी हरि सिंह पर 4, रक्कू उर्फ राकेश गोस्वामी पर 6 और मंजू पटैरिया पर 40 अपराध पंजीबद्ध हैं। मामले के पुरुष अपराधी हरि सिंह, रक्कू उर्फ राकेश तथा मंजू पटैरिया को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी संतोषी तिवारी की तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी। बीते रोज महिला थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार किया। संतोषी तिवारी के द्वारा उक्त कुकृत्य करना स्वीकार किया गया है। सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर, महिला थाना थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के अलावा साइबर सेल के प्रभारी संदीप खरे, थाना कोतवाली और महिला थाना टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 12वीं में 13 विद्यार्थी और 10वी में 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल



छतरपुर

सीबीएसई ने वर्ष 2024 के 10वीं एवं 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए जिसमे महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड के विद्यार्थी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना वर्चश्व बनाये रखने में सफल रहें। जिसमे 12वीं में 97.4 प्रतिशत अंको के साथ खुशी सिंह पहले स्थान पर रही,तो वही श्रवा द्विवेदी ने 96.4 प्रतिशत एवं तन्मय चौरसिया 94.6 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। तन्मय चौरसिया ने कंप्यूटर साइंस विषय में 100 में से 100 नंबर प्राप्त कर अपनी विषयान्तर्गत श्रेष्ठता साबित की। आशीष राज सिंह, दांया श्रीवास्तव एवं प्रभात पटेल ने 93.8 प्रतिशत, काजल सोनी व वंशिका राय ने 93 प्रतिशत, मोनल अग्रवाल 92.2 प्रतिशत , वैष्णवी बरसैयां ने 92 प्रतिशत, जय कुमार मिश्रा ने 91.8 प्रतिशत, प्रशांत पटेल एवं प्रिया निगम ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।विद्यालय के 13 विद्यार्थियों 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 27 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से तो वही 86 छात्रों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर एक बार फिर विद्यालय द्वारा अपनायी जाने बाली शिक्षण पद्यति की श्रेष्ठता को साबित किया। 10वी में 96.6 प्रतिशत अंको के साथ उदयराज सक्सेना एवं आर्ची अग्रवाल ने विद्यालय में प्रथम एवं 96.4 प्रतिशत अंको के साथ उमाशंकर कुशवाहाने द्वितीय स्थान एवं 94.6 प्रतिशत अंको के साथ महिमा अवस्थी तीसरे स्थान पर रही। 10वी में विद्यालय के 25 वच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंको के साथ 56 छात्र 80 प्रतिशत से अधिक, 62 छात्र 70 प्रतिशत से अधिक एवं 185 छात्र 60 प्रतिशत से अधिक अंको के साथ पास हुए। 10 वी में महिमा अवस्थी ने 94.6 प्रतिशत, आदर्श पाठक ने 94.4 प्रतिशत, दिव्यांश खरे ने 94.4 प्रतिशत, अंशुमान रिछारिया एवं अदिति अहिरवार ने 94.2 प्रतिशत, उज्जवल रावत एवं अंजली सोनी ने 93.2 प्रतिशत, राधा यदि एवं आदित्य जड़िया ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# नरेश अग्रवाल ने भारतीय रिकॉर्ड बुक में शामिल होकर बनाया नया कीर्तिमान

**नौगांव।** बुंदेलखंड छतरपुर जिले के टटम गांव निवासी नरेश अग्रवाल "लोगो" डिजाइनिंग में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, उनकी इस उपलब्धि पर भारतीय रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया है। भारतीय रिकॉर्ड बुक ने नरेश की सफलता को "एक व्यक्ति द्वारा अधिकतम लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं की जीत" नाम से शीर्षक और विवरण देकर स्थान दिया है।

बुंदेलखंड क्षेत्र के नौगांव अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले टटम गांव के बालचंद्र अग्रवाल के इंदौर में रह कर एक क्रिएटर कंपनी चलाने वाले बेटे नरेश कुमार अग्रवाल की उपलब्धि छतरपुर जिले के लिए गौरव है। लोगो डिजाइनिंग में प्रतिभाशाली नरेश कुमार अग्रवाल ने भारतीय रिकॉर्ड बुक में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उनकी अद्वितीय कला और रचनात्मकता ने उन्हें अधिकतम संख्या में "लोगो" डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं में जीतने का अवसर दिया। नरेश ने अपनी कला और रचनात्मकता से जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नरेश को बचपन से ही डिजाइनिंग और पेंटिंग में रुचि थी और उन्होंने स्कूल स्तर और विश्वविद्यालय स्तर पर भी कई प्रतियोगिताएं जीती हैं। नरेश का लोगो डिजाइनिंग उपलब्धि का सफर 2015 में शुरू हुआ,और तब से वह अविरल रहे। उनके डिजाइन, रचनात्मकता और नवाचार का एक अद्वितीय मिश्रण हैं। उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। नरेश के डिजाइन किए गए "लोगो" मध्य प्रदेश सरकार, महाराष्ट्र सरकार, भारत बांग्लादेश संयुक्त कार्यक्रम, भारत जर्मनी संयुक्त कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश सरकार, भारत के केंद्र और राज्य सरकार के कई विभाग , कई प्रतिष्ठित नामी कंपनी और कई विदेशी सरकारें प्रयोग कर रही है।



### लोगो डिजायन पर 3 अंतर्राष्ट्रीय, 3 भारत सरकार सहित कई मिल चुके हैं पुरस्कार -

इससे पहले नरेश कुमार अग्रवाल को माईगर्व साईट के लिए क्रिसमस के लिए दो बार, बैंगलोर में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लोगो के लिए और मध्य प्रदेश सरकार के लिए सिंगरौली में खनिज सम्पदा के लिए लोगो डिजायन के लिए सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही कोरिया में सेमी गवर्नमेंट कंपनी के लिए कॉपीराइट लोगो, मिशीगन देश की सरकार के लिए लोगो, बांग्लादेश की आजादी की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर भारत बांग्लादेश मैत्री दिवस लोगो का भी चयन हो चुका है। नरेश का डिजाइन किया हुआ लोगो उत्तर प्रदेश के वन विभाग ने वाइल्ड लाइफ सेंचुरी हस्तिनापुर के लिए चयन किया है। इसके अलावा नरेश द्वारा डिजाइन किये गए लोगो को मध्य प्रदेश सरकार, महाराष्ट्र सरकार सहित देश विदेश की 10 से ज्यादा प्रतियोगिता जीतकर इनके डिजायन किये हुए लोगो प्रयोग हो रहे हैं।

नरेश की उपलब्धि को 11 अप्रैल, 2024 को आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हुई। लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं की अधिकतम संख्या जीतने का रिकॉर्ड नरेश कुमार अग्रवाल ने 2015 से 2024 तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं जीती, जिसमें ग्लोबल समिट 2015, बिनयतारा फाउंडेशन 2017, मैत्री दिवस, और राज्य वन्यजीव बारहसिंघा संरक्षणालय हस्तिनापुर 2024 शामिल हैं। नरेश को मिली उपलब्धि केवल नरेश की प्रतिभा का प्रमाण नहीं है, बल्कि राज्य और छतरपुर जिले के युवा लोगो डिजाइनरों के लिए प्रेरणा भी है। नरेश की सफलता की कहानी इस बात का प्रमाण है कि संघर्ष और लगन से कोई भी नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

**खबर संक्षेप**

## नालियों की साफ़ सफाई का कार्य निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 13/05/2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 17 छोटी दरगाह गेट से लेकर कोठी गेट तक बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 40 मुकुन्दा वाले बडे.नाले की सफाई कराई गई एवं वार्ड 19 मिश्रा होटल से लेकर हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग, मछली वाला तक का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। समान नाका से तिवारी होटल तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई, कलेक्ट्रेट परिसर एवं सिविल लाइन में सफाई कराई गई साथ ही कचरे का उठाव टेक्टर एवं टैम्पो से कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

## अंकिता ने बोर्ड से 98% अंकों से मारी बाजी



**रीवा ।** सोमवार को सीबीएससी बोर्ड ने 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए । रीवा के छात्रों के परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहे हैं। शहर के ज्ञान स्थली स्कूल से 10वी की छात्र अंकिता पटेल ने परीक्षा परिणाम मे 98% से अर्जित किया है। अंकिता का मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड में 100 में 100 अंक आए हैं वही इंग्लिश में 98 हिंदी कोर्स बी में 94 साइंस में 98 व सोशल साइंस में 98 अंक आए है। अंकित की माता अनिता पटेल ग्रहणी है वही अंकित के पिता द्वारिका पटेल पुलिसकर्मी है। अंकित भविष्य में सिविल इंजीनियर बनना चाहती हैं। अंकित प्रतिदिन 14 से 15 घंटे की पढ़ाई करती हैं। उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था। उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है।

## सुरक्षा, सावधानी ही लू से बचाव का है उपाय

**रीवा।** जिले में पिछले दिनों में हुई वर्षा के कारण तापमान में कुछ कमी आयी है लेकिन धूप अभी भी बहुत तेज है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत में तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## की जा रही है स्ट्रांग रूम की निगरानी

**रीवा।** 26 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान के बाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सुरक्षित संधारित की गई हैं। इंजीनियरिंग कालेज रीवा में विधानसभावार बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं।

# नए कन्या महाविद्यालय की एनएसयूआई ने उठाई मांग

**पोस्टर किया विमोचित**

सरकार बहनों के साथ करें न्याय नवीन कन्या महाविद्यालय की है दरकार रीवा के भाई बहनों की है यही पुकार अभियान को लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के द्वारा कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क में पोस्टर विमोचित किया गया।

रीवा।



पंकज उपाध्याय ने कहा किबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार का यह नारा रीवा की बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सार्थक साबित नहीं हो रही है सरकार यदि बेटियों के प्रति गंभीर होती तो आज रीवा में बेटियों के उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु एक और कन्या महाविद्यालय की स्थापना हो चुकी होती आज बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने एवं प्रवेश के लिए भटकना पड़ता है तो आइए हम सब एक कदम अपने भविष्य के लिए आगे बढ़े और सरकार को तथा आदरणीय डिप्टी सीएम को मजबूर कर दें कि वह हम सबकी आवाज को सुनकर रीवा में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की स्थापना शीघ्र कराएं आप सभी से आग्रह है कि इस लड़ाई में एनएसयूआई का साथ देते हुए अपने अधिकार के लिए आवाज बुलंद करें तथा डिप्टी सीएम जी से उनके मोबाइल नंबर में नवीन कन्या महाविद्यालय स्थापना करने के लिए अधिक से अधिक मैसेज वा मेल आईडी में मेल करें जब तक हमारी अपील उन्हें सुनाई ना दे दे। एनएसयूआई द्वारा यह लड़ाई आप सभी छात्र छात्राओं साथ मिलकर जरूर जीतेगी ऐसा हमारा विश्वास है।यह अपील सभी महाविद्यालयो में एनएसयूआई द्वारा कई वर्षों से एक कन्या महाविद्यालय की मांग की जा रही थी इसको लेकर कई बार ज्ञापन एवं आंदोलन प्रदर्शन भी किए गए है। परंतु बीजेपी के नेताओं के कानों में जू तक नहीं रेंगी उसी को लेकर एनएसयूआई ने फिर से कन्या महाविद्यालय की मांग अभियान को लेकर महाविद्यालय में अभियान शुरू करने जा रही है। उसी को लेकर एक पोस्टर विमोचित किया गया है। अपील पत्र में डिप्टी सीएम जी का मोबाइल नंबर व मेल आईडी भी उपलब्ध कराई गई है। ताकि छात्र-छात्राएं अपना मैसेज उन्हें भेज सके और हमें एक कन्या महाविद्यालय दे सकें। क्योंकि जो छात्र-छात्राएं सामान्य परिवार से आती हैं। वह किसी प्राइवेट महाविद्यालय में नहीं पढ़ पाते और वह अशिक्षित रह जाती है। और एक कन्या महाविद्यालय है। परंतु उसमें सीट भर जाने के कारण महाविद्यालय में प्रवेश नहीं मिल पाता और छात्र-छात्राएं भटकते रहते हैं,

पोस्टर विमोचन के दौरान संगठन मंत्री शिवम मिश्रा,जिलाउपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह गहरवार,ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी,पूर्व टीआरएस अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी विश्वविद्याल प्रभारी देवेश शुक्ला लॉ कॉलेज अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी,जिला महासचिव निकिता शर्मा विमल पटेल,रहीश खान अर्पित तिवारी जिला सचिव संजीव कुमार शुक्ला,अभिषेक तिवारी, टीआरएस महिला विंग अध्यक्ष वैष्णवी सिंह छात्र नेत्री शैलजा मिश्रा,आकांक्षा यादव,पलक तिवारी,रंजना सिंह सुधा साकेत स्वाति रावत,चंद्र प्रकाश मिश्र आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# रंगमंच के कला संवर्धन, संभावना और विकास पर हुई वार्ता

**रीवा।** रीवा में संस्कृति के क्षेत्र में नाट्य विधा ने बड़ा स्थान घेरा है, रीवा में नियमित रंगमंच हो रहा है इसको निर्बाध निरंतर बनाए रखने के साथ ही क्रमोन्नत और उत्कृष्ट होने की आवश्यकता के साथ ही तकनीकी माध्यमों के समावेश के लिए स्थानीय आर्ट प्वाइंट में रीवा के कलाकारों के साथ मनोज कुमार मिश्रा ने वार्ता की वार्ता हुए। स्वागत उद्बोधन सुधीर सिंह संचालक आर्ट प्वाइंट एवं संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। मनोज कुमार मिश्रा ने रीवा ही नाट्य कर्म का स्पंदन महसूस करते हुए भोपाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, लखनऊ आदि स्थानों से प्रशिक्षणोंपरांत मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, अंडमान निकोबार, दिल्ली आदि राज्यों में लगातार नाटकों में अभिनय, निर्देशन एवं प्रकाश परिकल्पना का कार्य किया, आपको रंगमंच में प्रकाश परिकल्पना के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए उस्ताद



बिस्मिल्लाह खान युवा केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। और आप विंध्यप्रदेश के इकलौते कलाकार है। जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है साथ ही आप वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित भारतेन्दु नाट्य अकादमी में मंच शिल्प विषय के सहायक प्राध्यापक हैं। मनोज कुमार मिश्रा ने अपनी रखते हुए प्रशिक्षण पर अधिक बल देने की बात कही, भिन्न भिन्न निर्देशकों के साथ कार्य करने की सिफारिश की। शारीरिक खेलों में रुचि बदन के साथ ही संगीत, नृत्य, गायन, मार्शल आर्टस के अभ्यास को परिपक्व करते हुए तकनीकी प्रशिक्षण के महत्व को समझाया। अध्ययन, स्वाध्याय के साथ ही प्रतियोगी भावना को बढ़ाने को प्रेरित किया। स्वागत विपुल सिंह ने किया और आभार विनोद कुमार मिश्रा ने अतिथियों के साथ रावेंद्र प्रताप सिंह सांस्कृतिक शिक्षा समिति, मण्डप सांस्कृतिक शिक्षा कला केन्द्र समिति, रंग अनुभव सांस्कृतिक शिक्षा समिति, आर्ट प्वाइंट सांस्कृतिक समिति के कलाकारों एवं अन्य आगंतुकों का आभार प्रदर्शित किया।

## पूर्व महापौर शिवेन्द्र सिंह का निधन व्यक्तिगत क्षतिः रिपुदमन सिंह

**रीवा ।** रीवा के पूर्व महापौर एवं भाजपा नेता शिवेन्द्र सिंह पटेल के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता एवं रीवा नगर निगम के पूर्व सभापति कुंवर रिपुदमन सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होने कहा कि श्री पटेल बहुत ही मृदुभाषी एवं योग्य महापौर के रूप में नगर निगम रीवा में कार्य किया। उन्होने कहा कि उनके कार्यकाल में भी मैं सभापति के रूप में कार्य किया वो सदैव गरीबों को अपना हितैषी समझते थे उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत छति हुई है। कुंवर रिपुदमन सिंह ने मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

# नगर निगम आयुक्त ने फ्लैक्स-बैनर प्रतिष्ठान संचालको के साथ की बैठक

रीवा।



मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा शहर के फ्लैक्स/बैनर/पिन्टर्स/पेन्टर आदि व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठान संचालको की एक बैठक लेते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रतिष्ठान आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी संचालक अपने ग्राहको को उक्त नियम के संबंध में अवगत कराते हुये विज्ञापन सम्बंधी कार्य करें। निगमायुक्त द्वारा निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुकानों के बाहर जो विज्ञापन बोर्ड लगे है, यातायात बाधित करते है तथा अवैध एवं अव्यवस्थित विज्ञापन शहर की सुन्दरता एवं स्वच्छता में रूकावट बनते है। ऐसे सभी विज्ञापनों को तत्काल 07 दिवस के अंदर हटाने की कार्यवाही की जाय तथा अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध चलानी कार्यवाही भी की जाय। बैठक में उपायुक्त श्री दीपक पटेल, श्री एमएस सिद्दिकी, मुख्य परिवहन अधिकारी श्री मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, उड़नदस्ता प्रभारी रावेंद्र शुक्ला, सुखेंद्र चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं शहर के फ्लैक्स/प्रिंटर प्रतिनिधि व पेंटर उपस्थित रहें।




## नगर निगम द्वार संचालित आर.आर.आर केन्द्र में जरुरत मंदो को वितरित किया गया जरुरत की सामग्री

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 13.05.2024 को वॉर्ड क्र. 18 साई मन्दिर के पास आर.आर.आर. केन्द्र संचालित किया गया आर.आर.आर. केन्द्र का मुख्य उद्देश्य यह है कि जरूरत से ज्यादा जिनके पास किताबे, कपड़े, बर्तन व झोला इत्यादि सामान जो भी है उसको वहा पर दे जाए और जिनको वस्तुओं की आवश्यकता है वो ले जाए नगर निगम की इस सराहनीय कदम में नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आज हम देखते है कि जो भी हमारे घरों में पुरानी उपयोगी वस्तुएं हैं जिनका हम कोई उपयोग नहीं करते है घर में पड़ी रहती है, या हम बाहर फेक देते हैं उसका पुनः उपयोग नही हो पाता लेकिन नगर निगम के आर.आर.आर. केन्द्र में जो पुरानी बस्तुए नागरिको द्वारा दिया जाता है उसको किसी न किसी जरुरतमंद को दे दिया जाता है। जिससे वह उसका उपयोग कर सके नगर निगम रीवा द्वारा उठाये गये इस कदम के कारण आज सैकड़ो से अधिक लोगों को जरुरत की सामग्री दी गई जो की बहुत ही सराहनीय कदम है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि आइए हम सब मिलकर सराहनीय कदम में बढ़-चढ़ कर भाग लें और ज्यादा से ज्यादा लोगो तक यह लाभ पहुंचाएं।

## कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

**रीवा।** खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# खेत में आम बीनने को लेकर हुआ विवाद, थाने में नहीं लिखी गई रिपोर्ट, पीड़ित परिवार ने एसपी से की शिकायत



रीवा।

जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र मारपीट की घटना सामने आई है खेत में आम बिनने गए परिवार के सदस्य आपस में भिड़ गए जिसमें एक पक्ष ने मां बेटी और बेटे पर लाठी डंडे से हमला कर मारपीट किया मामले का वीडियो भी सामने आया लेकिन सेमरिया पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया।जिससे फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय की मांग किया है। फरियादी पूजा तिवारी पत्नी राम भूषण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अपनी पुत्री दिव्यांशी तिवारी एवं पुत्र साहिल तिवारी के साथ बाबई गांव में रहती हूं। मेरा पति राम भूषण तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ में लगभग 5 वर्षो से वहां रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं 9 तारीख को लगभग शाम 5:00 बजे आंधी तूफान आने के कारण मेरे हिस्से के आम के खेत में कई सारे आम गिर गए थे। जिसको हम लोग अपने ही खेत में बिनने गए हुए थे। तभी हमारे चाचा ससुर हरि विष्णु तिवारी व उनकी पत्नी सुभद्रा तिवारी मेरे पास आई और बोली कि आम क्यों बिन रहे हो यह आम का पेड़ मेरा है। तब मैंने बोला कि यह आम का पेड़ हमारे बंटवारे में भी है। इतने में उन लोगों ने हम लोगों के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। फरियादियों ने बताया कि हमारी शिकायत सेमरिया थाने में नहीं लिखी गई है। जिससे हम लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर मामले की जांच कराकर न्याय की मांग किए है।

**इनका कहना है**

जांच के लिए आवेदन एसडीओपी को भेजा गया है। जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**विवेक लाल**
**एडिशनलएसपी रीवा।**

**ठेकेदार की हीला हवाली एवं जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण निर्माण कार्य हुआ ठप**

# नईगढ़ी नगर परिषद के सिगदार तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य अधर में

मऊगंज।

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा समीक्षा बैठक दौरान निर्माण कार्यों में प्रगति लाने एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यहां हालात कुछ इस कदर है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी एवं ठेकेदारों की हीला हवाली के कारण निर्माण कार्य अधर में लटके हुए हैं। कुछ इसी तरह का मामला मऊगंज जिले के नगर परिषद नईगढ़ी स्थित सिगदार तालाब सौंदर्यीकरण का देखने में आया जहां करीब दो माह पूर्व संबंधित ठेकेदार द्वारा एक-दो दिन के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसके बाद निर्माण कार्य बंद हुआ तो पुनः चालू नहीं हो सका। गौरतलब है कि जिले के नईगढ़ी नगर परिषद क्षेत्र के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर ऐतिहासिक धर्मस्थल परिसर स्थित सिगदार तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु अमृत 2 योजना के तहत 29.63 लाख रुपए की लागत से पूरे परिसर का कायाकल्प किए जाने की कार्य योजना है। योजना के तहत प्रशासकीय स्वीकृत उपरांत ठेकेदार के माध्यम से कार्य कराए जाने की



स्वीकृत प्रदान की गई। कार्य योजना के शुरुआती दौर में संबंधित ठेकेदार द्वारा महज दो दिन के लिए कार्य प्रारंभ किया गया। तालाब के समतलीकरण हेतु दो दिन तक जेसीबी मशीन चलाई गई इसके बाद काम बंद हुआ तो आज तक पुनः चालू नहीं हो पाया। जबकि जून माह से पहले युक्त कार्य पूर्ण किए जाने की योजना थी। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी एवं संविदाकार द्वारा बर्ती जा रही हीला हवाली के कारण कार्य आज भी ठप पड़ा हुआ है। गौरतलब है कि श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर सिगदार तालाब एक ऐसा स्थान है जो राजतंत्र कार्यकाल से नईगढ़ी ही नहीं पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध रहा है जहां राजवंश कार्यकाल में इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल में विराजमान भगवान वीर बजरंगबली के दर्शन करने हेतु दूरदराज से लोग आते थे और आज भी मंगलवार शनिवार को जहां भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं वहीं हर दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण आज तक इस ऐतिहासिक धर्मस्थल का विकास नहीं हो पाया था। इधर किसी कदर मंदिर परिसर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु भारी भरकम राशि मंजूर की गई और योजना अनुसार संविदाकार से कार्य पूर्ण करने हेतु संविदा की गई लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी एवं निर्माण एजेंसी के हीला हवाली के कारण निर्माण कार्य बंद पड़ा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन मऊगंज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सिगदार तालाब सौंदरीकरण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ अति सीघ्र पूर्ण कराया जाए। और योजना को पलीता लगाने तथा कार्य में हीला हवाली करने वाले जिम्मेदारों पर विधि संगत वैधानिक कार्यवाही की जाए।




## दो युवकों पर महिला के साथ छेड़छाड़ और अस्मत लूटने की कोशिश का लगा आरोप

**थाना शाहपुर का मामला**

**मऊगंज।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतुलखी निवासी सकीला बानो पति अब्दुल रसूफ ने गांव के दो लोगों पर छेड़छाड़ और अस्मत लूटने की कोशिश का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह गांव में सूखे गोबर की उप्पल बिनने नदी के किनारे गई थी जहां सुनसान जगह में महिला को अकेला पाकर गांव के ही फिरोज अंसारी पिता मुन्ना अंसारी निवासी पतुलखी और कुदूस इन दो व्यक्तियों द्वारा जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया महिला द्वारा बताया गया है कि अचानक पीछे से आकर दो युवक पकड़ लिए और उसके कपड़े फाड़ दिए और और उसकी अस्मत लूटने की कोशिश किए तभी महिला हल्ला गुहार मचाई।जिससे आरोपी वहां से भाग निकले।बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद फिरोज फरार चल रहा है। वहीं महिला ने इसकी शिकायत शाहपुर थाने में जाकर दर्ज करा दी है और पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है वही बताया जा रहा कि फिरोज इसके पहले भी इस तरह से महिलाओं के साथ घटनाएं कर चुका है इसके बाद भी वह अभी तक बच रहा है।